	31.03.2017		31.03.2018	
CET1 CRAR	24858	7.17%	**24993**	**7.87%**
AT1 CRAR	6008	1.73%	**5905**	**1.86%**
Tier I Capital	30866	8.90%	**30898**	**9.73%**
Tier II Capital	11216	3.24%	**10199**	**3.21%**
Total Capital	42082	12.14%	**41097**	**12.94%**
Risk Weighted Assets	346611		317546	

Business Initiatives:

During the current year the Bank has implemented various initiatives for a Prompt Turn Around. A few of them are mentioned as under:

- Concept of Area Managers and Star Prime implemented for being more customer focused and for business development, recovery, digitization at ground level and re-activation of branches.
- Monthly Campaign called "Ghar Ghar Dastak" being organized every month for speeding up CASA, NPA Recovery and Credit disbursement.
- Special CASA campaigns "Amantran" organized with special focus on Government, Business Associates, HNIs & NRIs
- Strategy for re-balancing of portfolio in favour of RAM advances (Retail, Agriculture and MSME) and reducing exposure to Corporate sector.
- A non-discriminatory OTS Scheme called "Mission Samaadhan" formulated for quick resolution of NPAs.
- "Mission Rocket" launched to activate all the Scale-IV & V headed branches.
- "Swarna Dhara" – Gold Loans have been intensified.
- Refurbishing select branches as "Star Digi" branches with high end digitalized services for tech savvy customers.
- IT initiative "Star Mahashakti" being implemented for taking the Bank's technological capability to next level.
- Focus on Digitisation and Alternate Delivery Channels such as internet Banking, Debit and Credit Cards, POS machines.
- One of the premier Banks in implementing concept of Digital Village. Till now 325 villages converted into digital villages.
- Activation of 561 Growth Centers through Business Correspondents (BCs) called "Star Points" for expanding our outreach.

Awards and Recognition:

- Bank of India ranked as the 2nd Most Trusted Bank in the PSU Bank category by Economic Times.
- Bank of India has been conferred "Market Achievers' Award" in Currency Derivatives Segment amongst Public Sector Banks by NSE.
- Bank of India awarded as "Best Performer in Currency Derivative Segment" amongst all Banks' Category by BSE.
- IDRBT Banking Technology Excellence Award, Best Bank for Managing IT Ecosystem, large Bank category.
- IDRBT Banking Technology Excellence Award, Best Bank for Electronic Payments, large bank category.
- Bank of India awarded for Best Corporate Social Practices: Promoting Employment for Physically Challenged and also for Support and improvement in Quality of Education from ET NOW- WORLD CSR DAY Award.
- Bank of India awarded as "The Most Efficient Bank in Kenya" by Think Business Banking Award 2018.
- Bank of India-Uganda Subsidiary awarded for "Best Company Keeping Image High Award 2018" from Indian Business Forum, Uganda.
- Bank's In-House Journal 'Taarangan' conferred with Prestigious "ABCI Magazine of the Year Award 2017" at Mumbai

DIRECTORS' RESPONSIBILITY STATEMENT:

The Directors confirm that in the preparation of the annual accounts for the year ended March 31, 2018:

a) The applicable accounting standards have been followed along with proper explanation relating to material departures, if any,

b) The accounting policies framed in accordance with the guidelines of the Reserve Bank of India were consistently applied. Reasonable and prudent judgments and estimates were made so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for the year ended March 31, 2018.

c) Proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of applicable laws governing banks in India for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities,

d) Annual accounts have been prepared on a going concern basis,

e) Internal financial controls system to be followed by the Bank were laid down and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively,

f) Proper systems have been devised to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

वैश्विक स्थिति

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) के अनुसार वैश्विक वृद्धि दर 2016 के 3.2% से 2017 के दौरान 3.8% के आस-पास तक तेज हुई है। यह वृद्धि लगभग सभी देशों में व्यापक रूप से हुई है तथा लगभग एक समान रही है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं जैसे अमेरिका तथा यूरो क्षेत्र के देशों ने 2.3% की वृद्धि दर प्राप्त की है। 2016 के दौरान उनकी वृद्धि दर 1.5% से 1.8% के बीच थी। वैश्विक व्यापार में बढ़त तथा निवेश की वसूली से 2017 के दौरान विकास की गति तेज हुई है। विशेष रूप से विकसित अर्थव्यवस्थाओं में स्थायी पूँजी निर्माण मजबूत रहा है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं जैसे जर्मनी, यू.एस., जपान तथा विकासशील एशिया ने निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की है। उभरती हुई तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ने 4.8% की वृद्धि दर दर्ज की है जबकि उभरते तथा विकसित होते एशिया की वृद्धि दर उनसे ज्यादा 6.5% रही है। विकास में तेजी तथा बेरोजगारी दर में कमी ने 2017 के दौरान तीन बार फेडरल रिज़र्व को फेडरल निधि दर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा इस संबंध में नवीनतम बढ़ोतरी मार्च, 2018 में हुई। अभी निधि दर 1.50-1.75% है। महंगाई में थोड़ी बढ़ोतरी के साथ वर्ष 2017-18 के दौरान वस्तु की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई।

घरेलू आर्थिक परिस्थिति

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के अनंतिम अनुमान के अनुसार 2017-18 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद 6.7% की दर से बढ़ा। यह पिछले वर्ष के 7.1% की तुलना में धीमा था। क्षेत्र के स्तर पर, बेसिक कीमत पर तथा जीवीए के आधार पर, पिछले वर्ष 6.3% की वृद्धि दर की तुलना में कृषि 3.4% बढ़ा। पिछले वर्ष के दौरान 13.0% की तुलना में उत्खनन 2.9% बढ़ा। पिछले वर्ष के 7.9% वृद्धि दर की तुलना में विनिर्माण क्षेत्र 5.7% की दर से बढ़ा। पिछले वर्ष 7.5% वृद्धि दर की तुलना में सेवा क्षेत्र में 7.9% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। उच्चतर वैश्विक वृद्धि दर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान घरेलू अर्थव्यवस्था की धीमी विकास दर अनेक क्षणिक कारकों का योग था। इसमें विमुद्रीकरण का देर तक प्रभाव तथा जुलाई 2017 में जी.एस.टी. को लागू करने के कारण आर्थिक गतिविधियों में बाधा शामिल है। इसके अतिरिक्त मौद्रिक परिस्थिति के कठिन होने तथा ट्विन बैलेंस शीट समस्या के कारण भी नया निवेश प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 4.6% की तुलना में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आई.आई.पी.) ने 4.3% की बढ़ोतरी दर्ज की। यद्यपि 2016-17 के दौरान संपूर्ण औद्योगिक विकास दर निचले स्तर पर रही परन्तु पूँजीगत वस्तु क्षेत्र तथा आधारभूत/विनिर्माण वस्तु खण्ड ने ऊँची वृद्धि दर दर्ज की जो निवेश चक्र में बढ़ोतरी की दिशा में संकेत करता है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सी.पी.आई.) जो वर्ष की आरंभिक अवधि में कम हुआ तथा 3.20% के स्तर पर चला आया, वह दिसंबर 2017 में 5.21% हो गया। निश्चित रूप से यह मार्च, 2018 तक 4.28% तक संयमित हो गया। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के एच.आर.ए. में बढ़ोतरी तथा खाद्य वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी के कारण महंगाई दर बढ़ गयी।

वर्ष 2017-18 के दौरान निर्यात में 10.03% की बढोतरी आयी जो पिछले 6 वर्षों में सबसे बड़ी वृद्धि थी, जबकि आयात लगभग 20% बढ़ा। इसके कारण व्यापार घाटा बढ़ गया। बढ़ते व्यापार घाटे के कारण पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान यू.एस.डी. 11.8 बिलियन की तुलना में वर्ष 2017 में अप्रैल से दिसंबर के दौरान चालू खाता घाटा (सी.ए.डी.) बढ़कर यू.एस.डी. 35.6 बिलियन हो गया। जी.डी.पी. के प्रतिशत के रुप में सी.ए.डी. 1.9% रहा जो पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान 0.7% था। अप्रैल से दिसम्बर 2017 के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यूएसडी 35.94 बिलियन रहा, जो पिछले वर्ष के युएसडी 35.84 बिलियन से कुल अधिक रहा।

जुलाई 2017 में वस्तु एवं सेवा कर को आरंभ करना तथा बाद में नवंबर 2017 में जीएसटी की संरचना को तार्किक बनाना राजकोषीय क्षेत्र में प्रमुख पहल थे। वर्ष के दौरान एक अन्य राजकोषीय सुधार, बजट चक्र को एक माह पूर्व करने का सरकार का निर्णय था; जिसका सरकार के व्यय पर प्रभाव है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान वित्तीय घाटा निर्धारित राशि को पार कर गया तथा यह रु. 5.46 लाख करोड़ (जीडीपी का 3.2%) के बजट अनुमान की तुलना में रु. 5.92 (जीडीपी का 3.53%) रहा।

बैंकिंग क्षेत्र में प्रगति

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 8.2 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान बैंकिंग प्रणाली ने अच्छा ऋण विकास दर्ज किया तथा यह 10.3% रहा। परंतु वि.वर्ष 2016-17 के दौरान 15.3% की तुलना में जमाराशि में वृद्धि धीमी रही तथा यह 6.7 प्रतिशत दर्ज की गई। धीमी वृद्धि के लगभग 2 साल बाद ऋण वृद्धि में तेजी, अलग-अलग मात्रा में ही सही, सभी बैंकों में है तथा यह सभी क्षेत्रों में देखी जा रही है।

वर्ष के दौरान अधिकांश समय, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत समावेशन (absorption) की वजह से चलनिधि अधिशेष मात्रा में उपलब्ध रही। तथापि, वर्ष के दौरान समय के साथ चलनिधि समावेशन की मात्रा घटी और फरवरी 2018 तक बाज़ार में चलनिधि की कमी हो गई और आरबीआई द्वारा चलनिधि ड़ालने की आवश्यकता पड़ी।

वित्तीय क्षेत्र में हुई गतिविधियों में से एक महत्वपूर्ण गतिविधि सरकारी प्रतिभूति के प्रतिफल में तेजी होना रही; विशेषत: अगस्त 2017 से। दस वर्षीय सरकारी प्रतिभूति पर बेंचमार्क यील्ड वर्ष के आरंभ में 6.66% से मार्च 2018 के प्रथम सप्ताह में बढ़कर 7.78% हो गयी। सरकारी प्रतिभूति प्रतिफल में इस तेजी के पीछे विभिन्न वैश्विक और घरेलू कारक रहे। उनमें से महत्वपूर्ण कारक हैं- संघीय निधि दर (Federal fund rates) (अमेरिकी ट्रेजरी दर, भी), उच्चतर सीपीआई मुद्रास्फीति, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, उच्चतर सरकारी उधार आदि। तथापि, वर्षान्त तक प्रतिफल में कमी हुई, जिसका मुख्य कारण सरकार द्वारा उधारों को वित्तीय वर्ष 2018-19 के पूर्वार्ध में ही नहीं लिए जाने (not to front-load borrowings) की घोषणा रही।

आस्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता के क्षेत्र में बैंकिंग क्षेत्र का प्रदर्शन मंद रहा और सार्वनजिक क्षेत्र के बैंक सबसे अधिक प्रभावित हुए। बैंकिंग सिस्टम का सकल अनर्जक अग्रिम (जीएनपीए) अनुपात, मार्च, 2017 में 9.6% से बढ़कर दिसम्बर, 2017 में 10.4% हो गया। तथापि, इसी अवधि के दौरान दबावग्रस्त आस्ति अनुपात 12.0% से घटकर 11.9% हो गया।

आरबीआई द्वारा घोषित कुछ नीतिगत उपायों ने बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव के प्रभाव को कम किया है। ये हैं – बैंकों पर भारतीय लेखांकन मानकों की प्रयोजनीयता एक वर्ष के लिए आस्थगित करना, अतिदेय भुगतानों पर कुछ विशेष श्रेणी के एमएसएमई को 6 महीनों के लिए ऋणस्थगन की अनुमति देना, प्राथमिकता क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र को शामिल करने के लिए निधार्रित सीमाओं को हटाना, बैंकों को चार तिमाहियों के लिए एमटीएम प्रावधानों के स्प्रेड ओवर की अनुमति देना।

आरबीआई ने अपने फरवरी, 2018 के परिपत्र में दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के संबंध में एक नई रुपरेखा अधिसूचित की है, जिसमें, सभी कॉरपोरेट पुर्नरचना पैकेज. जैसे कि सीडीआर योजना, 5/25 योजना, एसडीआर और एस4ए योजना वापस ले लिए गए थे और नई समयबद्ध समाधान योजना प्रस्तावित की गई थी, जिसमें आईबीसी के अंतर्गत प्रस्तावित योजना शामिल है। नये दिशानिर्देशों में विभिन्न विशेषताओं के होते हुए भी इसने एनपीए में अत्यधिक वृद्धि के रूप में और परिणामत: प्रावधानीकरण अपेक्षाओं के बढने से बैंकों पर दबाव डाला है।

2017-18 के दौरान, आरबीआई द्वारा बैंकों को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के अंतर्गत बड़े एनपीए खातों के समाधान का आदेश दिया गया; आंरभ में 12 बड़े चूककर्ता उधारकर्ता, जो बैंकिंग सिस्टम के सकल एनपीए के 25% के भागीदार है और बाद में 29 बड़े खाते। यद्यपि, वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान इन खातों में अन्तिम समाधान नहीं हो पाया; आरबीसी प्रक्रियाएं जारी हैं, जो वर्ष 2018-19 में बैंकों के लिए सकारात्मक परिणाम लाएंगी।

वर्ष के दौरान, सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का रु.2.11 लाख तक का पुर्नपूंजीकरण का कार्य किया गया, जो बैंकों के लिए एक बड़ी राहत साबित हुई। पुन:पूंजीकरण के साथ-साथ, सरकार द्वारा बैंकिंग सुधार उपाय भी प्रस्तावित किये गये है, जिसे 'इन्हैन्स्ड् एक्सेस एंड सर्विसज़ एक्सीलेंस (EASE)' नाम दिया गया है; जिसमें बेहतर ग्राहक सेवा, तेज गति से डिजिटलीकरण, ऋण मूल्यांकन प्रणाली को शक्तिशाली बनाना, संघीय उधार हेतु मानदंड, ऋण निगरानी सिस्टम, एमएसएमई क्षेत्र में ऋण सुपुर्दगी और ऋण प्रवाह में सुधार लाना, बेहतर मानव संसाधन व्यवहार आदि शामिल है।

भारतीय लेखाकंन मानक (Ind-AS) के कार्यान्वयन हेतु कार्यनीति एवं उसकी प्रगति का प्रकटन

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने दिनांक 11 फरवरी, 2016 को एक परिपत्र जारी किया जिसमें बैंकों से यह अपेक्षा की गई थी कि वे भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) कार्यान्वित करें और 1 अप्रैल, 2018 से शुरू करते हुए लेखांकन अवधियों के लिए IndAS वित्तीय विवरण तैयार करें और साथ में 31 मार्च 2018 को समाप्त अवधि और तत्पश्चात अवधि हेतु तुलनात्मक स्थिति भी प्रस्तुत करें। तथापि, विकास एवं विनियात्मक नीतियों पर आरबीआई की हाल की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 5 अप्रैल, 2018 में यह सूचित किया गया था कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में लंबित विधिक संशोंधनों की वजह से तथा बैंकों की तैयारी के स्तर को देखते हुए, IndAS के कार्यान्वयन की तारीख को एक वर्ष के लिए स्थगित किया गया है, अर्थात यह 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी होगी।

वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुरूप, इस परियोजना के पर्यवेक्षण हेतु बैंक ने कार्यपालक निदेश की अध्यक्षता में एक संचालन समिति गठित की है और बोर्ड की लेखा परीक्षा समति को नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जा रही है। आरबीआई की अपेक्षानुसार, बैंक ने 30 सितंबर, 2016 को समाप्त अर्धवर्ष और 30 जून, 2017 को समाप्त तिमाही हेतु स्टैंड अलोन आधार पर प्रोफार्मा वित्तीय विवरण (PFS) प्रस्तुत किया है।

आरबीआई ने अपने परिपत्र दिनांक 13 सितंबर 2017 में, विभिन्न चरणों में अग्रिमों के वर्गीकरण के संबंध में स्पष्ट किया है और पीएफएस यथा 30 जून, 2017 तैयार करते समय इनका ध्यान रखा गया है।

IndAS के कार्यान्वयन से यह अपेक्षित है कि बैंक जिस तरीके से अपने वित्तीय विवरण तैयार करता है और उन्हें प्रस्तुत करता है, उसमें काफी परिवर्तन होगा। चूंकि वर्तमान रिपोर्टिंग अपेक्षाओं की तुलना में, IndAS अधिक सिद्धांत-आधारित है, उसके कार्यान्वयन में पर्याप्त मात्रा में निर्णय एवं अनुमान शामिल होंगे, विशेषकर अग्रिमों तथा निवेशों हेतु प्रावधानों के परिकलन के संबंध में ।

कार्यान्वयन की वास्तविक तारीख तक तैयारी सुनिश्चित करने हेतु बैंक, विभिन्न नीति-निर्णयों और कार्यान्वयन कार्यनीतियों तथा समय सीमाओं का मूल्यांकन भी कर रहा है। संबंधित स्टाफ सदस्यों को IndAS के सुचारू कार्यान्वयन हेतु ज़रूरी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

ऐसे क्षेत्र जहां IndAS के कार्यान्वयन एवं उससे संबंधित विभिन्न अन्य मुद्दों के संबंध में बैंक चुनौतियों का सामना कर रहा है, वहां आरबीआई तथा अन्य औद्योगिक निकायों, जैसे भारतीय बैंक संघ, से उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु बैंक आरबीआई से निरंतर संपर्क में रहेगा।

कारोबारी समीक्षा

1. संसाधन संग्रहण :

वित्तीय वर्ष 2017-18 में बचत जमाराशियों में 2.86% तथा चालू जमाराशियों में 8.86% की वृद्धि हुई है। कासा जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 3.71% की वृद्धि दर्ज की गयी है। एच.एन.आई. सेगमेंट (औसत तिमाही शेष रु 1 लाख एवं उससे अधिक) में बचत खण्ड में वर्ष-दर-वर्ष 0.33% तथा चालू खाता जमा में 14.85% वृद्धि दर्ज की गयी। मार्च 2018 में कासा अनुपात वर्ष-दर-वर्ष 39.84% से बढ़कर 41.43% हो गया। रु.1 करोड़ से कम खुदरा मीयादी जमा का हिस्सा वर्ष-दर-वर्ष 7.04% बढ़ा तथा यह कुल मीयादी जमाराशियों का 83.36% है।

2. अग्रिम :

बैंक का सकल अग्रिम 4.52% की कमी के साथ रु.3,93,788 करोड़ से रु.3,75,995 करोड़ के स्तर तक कम हो गया। सकल घरेलू ऋण में 2.72% की वृद्धि हुई तथा यह यथा 31.03.2017 के रु.2,85,725 करोड़ से बढ़कर यथा 31.03.2018 को रु.293,500 करोड़ हो गया। वर्तमान वर्ष के दौरान जोखिम के विविधीकरण के लिए बैंक ने रिटेल तथा एसएमई अग्रिमों पर ध्यान केन्द्रित किया है जिसमें ज्यादा प्रतिफल भी है। 10 लार्ज कॉरपोरेट शाखाओं तथा 31 मिड कॉरपोरेट शाखाओं के माध्यम से बैंक कॉरपोरेट/मिड कॉरपोरेट ग्राहकों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। रिटेल, एसएमई तथा कृषि क्षेत्र के अन्य ग्राहकों की आवश्यकताएं 5186 शाखाओं के नेटवर्क तथा विशेषीकृत प्रसंस्करण केन्द्रों के माध्यम से पूरी की जाती हैं। बैंक के 29 विदेशी केन्द्र निर्यातकर्ताओं तथा विदेशी ग्राहकों की ऋण आवयश्यकताओं को पूरा करते हैं।

3. रिटेल :

वर्ष के दौरान आवास ऋण सेगमेन्ट रु.22,248 करोड़ से बढ़कर रु. 26,616 करोड़ हो गया और उसमें 19.63% की वृद्धि दर्ज की गयी। 2015-2022 के दौरान लागू किये जा रहे "सभी के लिए आवास (शहरी)" मिशन पहल के अंतर्गत भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना का आरंभ बैंक ने किया है। कम ब्याज दर, लम्बी चुकौती अवधि तथा लचीले चुकौती विकल्प वाले संपत्ति पर ऋण (एल.ए.पी.) की राशि रु.5617 करोड़ से बढ़कर रु.6963 करोड़ हो गयी और उसमें 23.96% की वृद्धि दर्ज की गयी। शिक्षा ऋण क्षेत्र 7.05% की वृद्धि के साथ रु.3121 करोड़ से बढ़कर रु.3341 करोड़ हो गया। पढ़ो परदेश योजना (विदेश में अध्ययन के लिए अल्प संख्यक वर्ग के छात्रों के लिए ब्याज सब्सिडी) के अंतर्गत भी वित्तपोषण किया गया। वर्ष के दौरान वाहन ऋण क्षेत्र में भी रु.3495 करोड़ से बढ़कर रु.4476 करोड़ हो गया और उसमें 28.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। बैंक ने मारूति-सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुन्डई मोटर्स तथा महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा के साथ गठजोड़ किया है। हमारा बैंक पीएसयू/पीएसई/प्रतिष्ठित कॉरपोरेटस/संस्थानों के नियोक्ता के साथ गठजोड़ व्यवस्था के अंतर्गत कर्मचारियों को व्यक्तिगत ऋण देता है।

4. लघु व मध्यम उद्यम:

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) एक महत्वपूर्ण खण्ड है तथा यह देश के विनिर्माण जीडीजी में लगभग 6.11%, विनिर्माण उत्पादन में 33.4% तथा निर्यात में लगभग 45% योगदान करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने प्राथमिक क्षेत्र के ऋण के लक्ष्यों तथा वर्गीकरण के दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है। संशोधित दिशा-निर्देशों की शर्तों के अनुसार सेवाओं के अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को प्रति उधारकर्ता रु.5 करोड़ तथा मध्यम उद्यमों को रु.10 करोड़ की लागू ऋण सीमा हटा दी गयी है। तदनुसार एमएसएमईडी अधिनियम 2006 के अंतर्गत निवेश एवं उपकरण की शर्तों के अनुसार यथा परिभाषित, सेवाओं को प्रदान करने में शामिल एमएसएमई क्षेत्र को सभी बैंक ऋण बिना किसी ऋण सीमा के प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत माने जायेंगे। मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया तथा डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों पर फोकस ने बैंक स्तर पर एमएसएमई ऋण में महत्वपूर्ण बदलाव लाये हैं।

कार्य-निष्पादन

- एमएसएमई क्षेत्र को ऋण के संबंध में बैंक का कार्य-निष्पादन यथा 31 मार्च 2018 निम्नलिखित रूप में प्रदर्शित है -

(राशि करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2016	31 मार्च 2017	31 मार्च 2018	2016 की तुलना में यथा मार्च 2017 वर्षानुवर्ष अभिवृद्धि (%)	2017 की तुलना में यथा मार्च 2018 वर्षानुवर्ष अभिवृद्धि (%)
कुल एमएसएमई	48206	51086	54285	5.97	6.26

- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 184887 नये खाते खोले गये हैं जिनकी कुल स्वीकृत सीमा रु. 12,413.77 करोड़ है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान संवितरण रु.11,183.34 करोड़ था तथा बकाया राशि यथा 31.03.2018 रु.9418.80 करोड़ है।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान यथा 31.03.2018 को मुद्रा के अंतर्गत संवितरण रु. 5800 करोड़ के बजट की तुलना में रु.5397.76 करोड़ था। इस प्रकार 361708 खातों के साथ आबंटित बजट का 93.06% लक्ष्य प्राप्त किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान रु.223.11 करोड़ की कुल स्वीकृत सीमा के साथ 1083 खाते जोड़े गये हैं तथा वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान स्टैण्ड अप इंडिया के अंतर्गत 5185 खातों के साथ 943.18 करोड़ के कुल स्वीकृत सीमा का समेकित आंकड़ा है।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान हमने सीजीटीएमएसई के अंतर्गत 29,830 नये खाते कवर किये हैं जिनकी कुल गारंटी राशि रु.3474.58 करोड़ है तथा सीजीटीएमएसई के अंतर्गत कवर किये गये समेकित खाते 340862 हैं तथा यथा 31.03.2018 इनकी कुल राशि रु.21685.17 करोड़ है।
- एमएसएमई खण्ड के अंतर्गत कुल एनपीए 20% तक सीमित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 17-18 की प्रमुख विशेषताएं

- TReDS : एमएसएमई ग्राहकों के बिल बट्टाकरण के लिए आरएक्सआईएल द्वारा आरंभ किये गये TReDS प्लैटफार्म पर हम चले गये हैं।
- हमने एमएसएमई के अंतर्गत प्राथमिक क्षेत्र के बजट को पार किया है।
- सूक्ष्म उद्यम के अंतर्गत विनियामक लक्ष्य को प्राप्त किया है जिसका यथा 31.03.2018 कुल बकाया एएनबीसी का 7.96% है। यह स्थिति एएनबीसी के 7.5% लक्ष्य के विरूद्ध है।
- एमएसएमई उधारकर्ताओं को ज्यादा कार्यशील पूंजी प्रवाह/उधारकर्ताओं को कार्यशील पूंजी की स्वीकृति की सीमा को न्यूनतम 20% से बढ़ाकर 25% करने के लिए बैंक ने अब अपनी नीति में संशोधन किया है। इसके अतिरिक्त डिजिटल रूप से संव्यवहार करने वाले इन एमएसई उधारकर्ताओं के लिए कार्यशील पूंजी सीमा, डिजिटल भाग के लिए कार्यशील पूंजी सीमा का वर्तमान 20% से बढ़ाकर 30% कर दी गयी है।
- बढ़ी हुई कार्यशील पूंजी सीमा तथा इनपुट क्रेडिट के लिए जीएसटी का अनुपालन करने वाले ग्राहकों हेतु नये उत्पाद का आरंभ किया गया।
- जूते, वस्त्र, शीशा, दवा इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित ऋण के अंतर्गत नई योजनाओं को पहचाना तथा अनुमोदित किया गया।

एमएसएमई के अंतर्गत वृद्धि के लिए रणनीति

- कम जोखिम भार वाले अस्ति तथा रु.5 करोड़ से कम के ऋण पर अधिक ध्यान देना (विनियामक रिटेल)।
- एमएसएमई क्षेत्र को ऋण प्रवाह चैनलीकृत करने के लिए वर्तमान 100 के अतिरिक्त 107 एसएमई केन्द्रित शाखाओं की पहचान।
- एमएसएमई उधारकर्ताओं को मदद करने के लिए हमारे सभी प्रशासनिक कार्यालयों में एसएमई नोडल अधिकारी तथा सभी एसएमई

केन्द्रित शाखाओं में रिलेशनशिप प्रबंधकों की पहचान की गई है।

- एमएसएमई क्षेत्र को नकद प्रवाह आधारित वित्तपोषण को गति देना।
- जीएसटी पंजीकृत उधारकर्ताओं को जीएसटी विवरण पर आधारित कार्यशील पूंजी वित्तीयन आरंभ किया गया।
- महत्वपूर्ण उद्योग आधारित खण्ड तथा बाजार की विभिन्न अलग-अलग उत्पादों के माध्यम से वृद्धि।
- समान ऋण मानदण्ड तथा किसी विशेष क्लस्टर में सभी उधारकर्ताओं के लिए समान दर पर क्लस्टर आधारित ऋण पर ज्यादा बल देना।
- एमएसएमई वित्तपोषण में आसानी तथा समुचित सावधानी विधि के सुधार के लिए फिन्टेक के प्रयोग को विकसित करना।
- सिडबी तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ कॉन्टैक्टलेस ऋणों के क्षेत्र में प्रवेश किया।
- संभावित व्यवसाय के लिए उद्यमी मित्र पोर्टल का अधिक प्रभावी प्रयोग।
- औद्योगिक संघों/वाणिज्यिक चैम्बर/कैम्प आयोजन इत्यादि के द्वारा ज्यादा लिंकेज के माध्यम से उद्यमियों तक पहुँचना।
- वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों तथा कार्यशालाओं के माध्यम से उधारकर्ताओं को क्रेडिट प्लस सेवाओं की जानकारी देना।
- TReDS प्लैटफॉर्म पर जाना तथा इस प्लैटफार्म के माध्यम से एमएसएमई के अंतर्गत अच्छी-खासी वृद्धि की उम्मीद करना।
- एफओएस तथा रिलेशनशिप मैनेजरों में बढ़ोत्तरी के साथ हमारे एसएमई प्रसंस्करण केन्द्रों को मजबूत करना।
- मुद्रा, स्टैंड अप इंडिया, पीएमईजीपी, एनयूएलएम योजनाओं के अंतर्गत वृद्धि को लक्ष्य करना।
- ग्राहकों के वैलेट शेयर को बढ़ाने के लिए, संदर्भित व्यवसाय प्राप्त करने के लिए तथा यदि कुछ समस्या हो तो उसे दूर करने के लिए हमारी सभी शाखाओं में ग्राहक बैठकें आयोजित करना।
- सीजीटीएमएसई के अंतर्गत नये नियमों का लाभ उठाना।
- पुनरूज्जीवन फ्रेमवर्क के माध्यम से उन सभी एसएमए-1/2 एमएसएमई खातों की पहचान करना जिन्हें मदद की आवश्यकता है।
- चैनल क्रेडिट के माध्यम से एमएसएमई के अंतर्गत उद्योगों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के निधीयन के लिए उद्योगों के साथ टाई-अप।
- विभिन्न विनियामक तथा आंतरिक बजट लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं को सक्रिय करने के लिए हमारे घर-घर दस्तक योजना के माध्यम से मेगा संवितरण कैम्प आयोजित करना।

5. कृषि वित्त :

प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम :

ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थापित अपनी शाखाओं एवं 43 कृषि बैंकिंग केन्द्रों (एबीसी) के नेटवर्क के माध्यम से बैंक प्राथमिक तथा कृषि क्षेत्र में सेवा प्रदान कर रहा है। बैंक ने प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत रु.1,21,691 करोड़ (एएनबीसी का 40.80%) का शानदार स्तर प्राप्त किया है। इसमें कृषि क्षेत्र के अंतर्गत रु.51938 करोड़ (एएनबीसी का 18.58%) है तथा कृषि के अंतर्गत भी लघु एवं सीमांत किसानों को रु.23858 करोड़ का (एएनबीसी का 8.45%) ऋण शामिल है। एसएमई के अंतर्गत रु.51678 करोड़ दिया गया है, जिसमें एमएसएमई सूक्ष्म क्षेत्र में रु.24,051 करोड़ (एएनबीसी का 7.54%), शिक्षा में रु.3226 करोड़, आवास में रु.13690 करोड़ तथा अन्य श्रेणी में रु.1159 करोड़ शामिल है। वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत बैंक की शाखाओं ने वर्ष के दौरान रु.27,617 करोड़ संवितरित किये। लचीले रूप से ऋण उपयोग के लिए बैंक ने रु.2978 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 171908 केसीसी जारी किये हैं। विभेदक ब्याज दर योजना के अंतर्गत बैंक कम आय वर्गों को 4% के छूट प्राप्त ब्याज दर पर वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। बैंक ने वर्ष के दौरान डीआरआई योजना के अंतर्गत 430 मामले स्वीकृत किये हैं जिसमें रु. 2.80 करोड़ की राशि शामिल है। यथा मार्च 2018 अल्प संख्यक समूहों को बैंक का ऋण एक्सपोज़र रु.13879 करोड़ है। कमजोर वर्गों के अंतर्गत 31.03.2018 को बकाया राशि रु.32184 (एएनबीसी का 10.90%) है। यथा 31.03.2018 खाद्य एवं कृषि उद्योग को बैंक का वित्तपोषण रु. 5573 करोड़ है। बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि, एमएसएमई - सूक्ष्म उद्यम तथा कमजोर वर्गों को ऋण के अंतर्गत विनियामक अनुपातों को प्राप्त किया है।

ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के जीवन से गरीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एक महत्वपूर्ण योजना है। वर्ष के दौरान बैंक ने इस योजना के अंतर्गत 27003 उधारकर्ताओं को रु.297 करोड़ ऋण संवितरित किये हैं।

स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)

वर्ष 2018 तक बैंक के पास 2,18,555 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का ग्राहक आधार है जिसमें से 1,23,955 एसएचजी को ऋण सुविधा से जोड़ा गया है तथा इसमें से 67,468 महिला एसएचजी हैं। ऑफ़साइट संव्यवहारों, वित्तीय तथा डाटा डिजिटलीकरण के लिए बैंक ने दोहरा बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन आरंभ किया है।

अग्रणी बैंक योजना

बैंक के पास 51 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है जो झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (07) तथा ओडिशा (2) - इन पांच राज्यों में फैली हुई हैं। इसके अतिरिक्त बैंक झारखण्ड राज्य में एसएलबीसी अग्रणी बैंक का संयोजक भी है।

बैंक को सोशल बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार - 2017 में सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सलेंस प्राप्त हुआ है। बड़े बैंक श्रेणी के अंतर्गत कृषि बैंकिंग के लिए संयुक्त रूप से रनर अप पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

6. वित्तीय समावेशन :

बैंक यह मानता है कि वित्तीय समावेशन के माध्यम से व्यवसाय करना व्यावहारिक है तथा इस दिशा में बैंक ने अपना दृष्टिकोण "सीएसआर" से "आर्थिक व्यवहार्यता" की ओर मोड़ दिया है। वित्तीय क्षेत्र की अपेक्षानुसार अत्यंत कम लागत के संव्यवहारों को समर्थित करने एवं संरक्षित करने हेतु आईसीटी आधारित समाधान। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) से वित्तीय समावेशन अभियान को गति प्राप्त हुई है। व्यापार संपर्की मॉडल के

नेतृत्व में आई.सी.टी. के माध्यम से उन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ने ये सेवाएं दी हैं जहाँ बैंकिंग सेवाएं नहीं हैं।

स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) : बैंक झारखंड, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में 42 आरसेटी परिचालित कर रहा है। वर्ष के दौरान आरसेटी ने 1118 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये तथा 9943 अभ्यर्थियों को क्रेडिट लिंकेज सहित 30640 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि लाभकारी रोजगार के लिए उनकी मदद की जा सके।

वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श केन्द्र (एफ.एल.सीसी.) : भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्रामीण तथा शहरी केन्द्रों में उन जिला स्थानों पर एफएलसीसी/एफएलसी स्थापित किया है जहाँ बैंक के पास अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है। बैंक की 51 एफ.एल.सी. सभी 51 जिलों में कार्यरत हैं। प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त एफएलसी मामला-दर-मामला आधार पर दबावग्रस्त उधारकर्ताओं के लिए उपचारात्मक परामर्श तथा मीडिया, कार्यशाला एवं संगोष्ठी के माध्यम से निवारक परामर्श भी देते हैं। अब तक 1508178 जरूरतमंद विपदाग्रस्त लोगों को सलाह दी गयी थी।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक :

बैंक ने आर्यवर्त ग्रामीण बैंक (उत्तर प्रदेश), नर्मदा झबुआ ग्रामीण बैंक - एन.जे.जी.बी. (मध्य प्रदेश), विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक - वी.के.जी.बी. (महाराष्ट्र) तथा झारखंड ग्रामीण बैंक - जे.जी.बी. (झारखंड) को प्रायोजित किया है। सभी चारों ग्रामीण बैंकों के प्रशासनिक कार्यालय और शाखाएं सीबीएस प्लेटफार्म पर हैं, और इनमें सिस्टम द्वारा सृजित रिपोर्ट सुविधा उपलब्ध है। ये सभी आर.आर.बी., आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. तथा एटीएम प्लेटफार्म पर कार्य कर सकते हैं तथा ये 1672 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 61 जिलों को कवर करते हैं। उनका कुल कारोबार मिश्र रु.46422.52 करोड़ है तथा ये सभी इनके 4 प्रधान कार्यालय और कुल 29 क्षेत्रीय कार्यालयों से नियंत्रित किए जाते हैं।

7. अंतरराष्ट्रीय :

सभी टाइम ज़ोन के 21 देशों में बैंक की कुल 29 शाखाएँ, 2 प्रतिनिधि कार्यालय, 5 अनुषंगी एवं 1 सहयोगी/संयुक्त उद्यम हैं। यथा दिनांक 31.03.2018 को बैंक के वैश्विक व्यवसाय में विदेशी परिचालन का हिस्सा 20.31% है।

विदेशी अनुषंगी एवं सहयोगी :-

1. पीटी बैंक ऑफ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके
2. बैंक ऑफ इंडिया (तंजानिया) लि.
3. बैंक ऑफ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लि.
4. बैंक ऑफ इंडिया (बोत्सवाना) लि.
5. बैंक ऑफ इंडिया (यूगांडा) लि.
6. इंडो ज़ाम्बिया बैंक लि. (IZB) - संयुक्त उद्यम

जारी वर्ष के दौरान बैंक ने म्यांमार एवं दुबई में अपने प्रतिनिधि कार्यालय बंद किए हैं।

विदेशी कारोबार :

निर्यातकों तथा आयातकों का व्यापार वित्तपोषण तथा विदेशी विनिमय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना बैंक का प्रमुख एवं प्राथमिक क्षेत्र है। पूरे भारत में बैंक की 217 प्राधिकृत डीलर (ए.डी.) शाखाएं हैं। ये शाखाएं विदेशी विनिमय व्यापार संभालती हैं तथा निर्यातकों एवं आयातकों की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। पूरे विश्व में 247 बैंकों के साथ बैंक का संपर्की बैंकिंग संबंध भी है। आवक धन-प्रेषण में सहायता के लिए खाड़ी के निजी विनिमय प्रतिष्ठानों के साथ बैंक की रुपया आधारित आहरण व्यवस्था है।

8. ऋण निगरानी:

रोकथाम उपचार से बेहतर है, जब खाता एनपीए हो जाता है तो प्रावधानीकरण के कारण बैंक की लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसका शेयर के मूल्यों पर भी प्रभाव पड़ता है। निधियां अवरूद्ध हो जाती हैं और पात्र उधारकर्ताओं के लिए पुनर्निवेश हेतु उपलब्ध नहीं रहतीं।

विभाग द्वारा कमजोरी/संभावित चूक (defaults)/ अपचार (delinquencies) के लक्षणों वाले खातों की पहचान और निगरानी के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि मानक खाते मानक ही रहें व एनपीए न हो जाएं; विभिन्न साधनों और तौर-तरीकों का प्रयोग किया जाता रहा है :

निगरानी व नियंत्रण हेतु प्रभावशाली साधन :

1) ऋण अपचार (loan delinquency) की निगरानी हेतु पूर्व चेतावनी सिस्टम: एसएमए के अंतर्गत वर्गीकृत की गई अपनी ऋण आस्तियों की निगरानी हेतु समस्त शाखाओं और नियंत्रण कार्यालयों को एक व्यापक निगरानी माड्यूल उपलब्ध कराया गया है। कमजोरी के प्राथमिक लक्षण अर्थात विभिन्न चेतावनी संकेत (alert) सृजित करना जिसमें अतिदेय खाते शामिल है, एल/सी न्यागमन/गारंटी लागू करना, समीक्षा हेतु विलंबित खाते, नवीकरण दस्तावेजों की अवधि की समाप्ति (expiry), विलंबित निरीक्षण, 10 लाख से अधिक नकदी का आहरण, अधिक मूल्य वाले चेकों को वापस लौटाया जाना, तदर्थ/सीमा से अधिक राशि की लगातार संस्वीकृति, उच्च मूल्य वाले आरटीजीएस आदि दर्शाने वाले खातों के संबंध में पूर्व चेतावनी संकेतों को पहचानने के लिए हमारे बैंक के पास सिस्टम उपलब्ध है। इन खातों की नजदीकी से निगरानी हेतु साप्ताहिक आधार पर विभिन्न स्तरों पर समयपूर्व चेतावनी संकेत (EWS) स्थापित करने की सलाह दी जाती है। सिस्टम के अंतर्गत आंतरिक निगरानी के उद्देश्य से खातों के एनपीए हो जाने के पर्याप्त समय पूर्व अग्रसक्रिय हस्तक्षेप के लिए न्यूनतम समय सीमा सुनिश्चित करने हेतु अतिदेय खातों के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गई है। इससे बैंक यह निर्धारण कर पाता है कि क्या चूक किसी अंतर्निहित कमजोरी के कारण हुई है या किसी तात्कालिक चल निधि/नकदी प्रवाह की समस्या के कारण से। असंतोषजनक लक्षण/समयपूर्व चेतावनी संकेत दर्शाने वाले सभी खातों चाहे ऐसे खाते वर्तमान में नियमित हों, तो भी फॉलो-अप और समयबद्ध कार्रवाई हेतु निगरानी सूची के अंतर्गत रखा जाता है ताकि गिरावट रोकी जा सके।

2) एसएमए श्रेणी की पहचान कर लेने पर हानि कम करने के उपाय आरम्भ हो जाते हैं जैसे कि नियमन, पुनर्रचना आदि के लिए फॉलोअप। आरबीआई के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुरूप रु.5 करोड़ और अधिक की ऋण सीमा वाले दबावग्रस्त खातों की आरबीआई को साप्ताहिक आधार पर रिपोर्टिंग की जाती है।

3) एनपीए का चिन्हीकरण सिस्टम द्वारा किया जाता है। वसूली के रिकॉर्ड के आधार पर अतिदेय की स्थिति दर्शाने के लिए और साथ ही उन खातों के लिए जिनमें तकनीकी खामियां जैसे, तीन महीने से अधिक से स्टॉक/क्यूआईएस विवरणी प्रस्तुत नहीं किया जाना, सीसी खातों में अपर्याप्त क्रेडिट होना/कोई भी क्रेडिट न होना आदि, जिससे कि खातों की डाउनग्रेडिंग हो सकती हो दर्शाई जाती हैं, से संबंधित डेटा समय-समय पर सृजित किया जाता है। मानक आस्तियों की डाउनग्रेडिंग रोकने के लिए इन खातों की विशेष रूप से निगरानी की जाती है।

4) ऋण प्रक्रिया लेखा परीक्षा से संवितरण पूर्व व पश्चात की शर्तों और मंजूरी की शर्तों/प्रसविदांओं के अनुपालन का सत्यापन सुनिश्चित किया जाता है। सीपीए का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि संवितरण अधिकारी ने बैंक निधियों का संवितरण करने से पूर्व प्रतिभूति के सृजन/प्रतिभूति की पूर्णता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये गये हैं ताकि कथित प्रतिभूतियों की प्रवर्तनीयता सुनिश्चित की जा सके।

5) हम पात्र खातों में स्टॉक व प्राप्य राशियों की समयबद्ध लेखापरीक्षा किया जाना सुनिश्चित करते हैं और जहां कहीं भी आवश्यक हो तत्पर/निवारक कदम उठाते हैं। स्टॉक लेखा-परीक्षा रु.5 करोड़ और अधिक के कार्यशील पूंजी एक्सपोज़र वाले खातों के लिए लागू है। इसे वार्षिक आधार पर पूरा किया जाना अपेक्षित है। पूर्व चेतावनी संकेत दर्शाने वाले खातों में स्टॉक लेखा-परीक्षा अर्ध-वार्षिक आधार पर की जानी अपेक्षित है।

6) अर्निहित कमजोरी जैसे कि अनियमित स्थिति, साखपत्रों के अंतर्गत अतिदेय बिल, गारंटी लागू किया जाना, विलंबित समीक्षा आदि के लक्षण दर्शाने वाली आस्तियां, जो कि बैंक की आस्ति गुणवत्ता के लिए खतरा उत्पन्न करती हैं; इनके संबंध में विभिन्न स्तरों व मंचों पर टेली/वीडियों कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम विचार-विमर्श कर व इस प्रकार सभी संबंधितों को जानकारी देकर फॉलोअप किया जाता है।

7) जल्दी ही एनपीए होने वाले मामलों (quick mortality cases) में समालोचनात्मक समीक्षा की जाती है। समस्त अपचारी (delinquent) आस्तियों में जवाबदेही की जाँच भी की जाती है।

8) समय पूर्व चेतावनी संकेतों (EWS) के आधार पर खाते को रेड फ्लैग (Red Flag) किया जाता है और फॉरेंसिक लेखा-परीक्षा की जाती है। रेड फ्लैग वाले खातों, धोखाधड़ी वाले खातों, जहां हमारा एक्सपोज़र रु.50 करोड़ व अधिक है; की सूचना सीआरआईएलसी में अपलोड की जाती है। बैंक द्वारा खातों को रेड फ्लैग करने और फॉरेंसिक लेखा-परीक्षा के लिए नीति अनुमोदित की गई है।

9. एनपीए प्रबंधन :

बैंक ने एनपीए और बट्टे खाते डाले गये खातों में वसूली के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित कार्यनीतियों को आत्मसात करते हुए और आस्ति वसूली शाखाओं की शुरूआत करके तथा जमीनी स्तर पर स्टाफ के साथ मिलकर काम करके लगातार अथक प्रयास किये हैं। किये गये प्रयासों के परिणाम स्वरूप निम्नलिखित कार्यनीतियों में से कुछ के माध्यम से वसूली में सुधार आया है :

अस्थायी नकदी प्रवाह असंतुलन से एनपीए हुए खातों को कम से कम समय में अपग्रेड करने के उद्देश्य से उनमें परिचालन रोकना; कुल अतिदेय की वसूली के पश्चात पूरे खाते का अपग्रेडेशन करना, उस खाते की पुर्नरचना करना जिसे दीर्घावधि सहयोग की आवश्यकता हो, एनसीएलटी पर आवेदन भरना, जहाँ हम लीडर नहीं हैं वहाँ अन्य बैंकों से अनुवर्ती कार्रवाई करना, खातों मे ओटीएस द्वारा बैंक के लाभ व हानि खाते में सकारात्मक प्रभाव लाना, सरफेसी (SARFAESI) एक्ट के प्रावधान तुरन्त लागू करना; मुकदमा दायर करना और 'वैकेशन ऑफ स्टे' के लिए प्रयास (follow) करना, और डीआरटी के जरिए जल्दी-जल्दी निपटान के लिए, उन सभी मामलों में उधारकर्ता को इरादतन चूककर्ता घोषित करना जहाँ इरादतन चूक के स्पष्ट मामले हों। प्रक्रिया को और तेज बनाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर विशाल ई-नीलामी करना, राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेना विभिन्न स्तरों पर सफ़ल रहा। जिन मामलों में मुकदमा/डिक्री फाइल कर दिया गया है अब उनकी ऑनलाइन निगरानी की जाती है। बैंक स्तर पर आयोजित की गई उन जेएलएफ़ बैठकों में अग्रसक्रिय रूप से भाग लिया जाता है जहाँ बैंक अग्रणी बैंक है या सहायता संघ (consortium) का सदस्य है।

10. ट्रेज़री :

विदेशी मुद्रा (फोरेक्स) कारोबार : वर्ष 2017-18 के दौरान, मर्चंट और अंतर बैंक का कुल कारोबार क्रमश: रु.1.47 लाख करोड़ और रु.37.12 लाख करोड़ था। वर्ष के दौरान बैंक के फोरेक्स कारोबार का कुल समेकित टर्नओवर रु.38.59 लाख करोड़ था।

ट्रेज़री परिचालन व निवेश : बैंक ने 2017-18 के दौरान बाज़ार-निधियों, विदेशी मुद्रा और बॉण्ड्स के सभी क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका अदा करना जारी रखा। ब्याज आय और बाज़ार जोखिम के मध्य संतुलन बनाये रखकर बैंक ने निवेश का उच्चतर स्तर बनाये रखा। रेपो/सीबीएलओ विण्डोज़ से उधार लेने हेतु अतिरिक्त एसएलआर का उपयोग करने के लिए बैंक ने समय-समय पर एसएलआर निवेशों को विनियामक आवश्यकता के 19.50% से अधिक पर बनाये रखा। यथा दिनांक 31.03.2018 को सकल एसएलआर निवेश रु.1,12,030.26 करोड़ (कुल निवेश का 82.57%) था और गैर-एसएलआर निवेश रु.24,027.30 करोड़ (कुल निवेश का 17.66%) रहा। निवेश बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुसार किये जाते हैं और बाजार में होने वाले बदलावों/विनियामक आवश्यकताओं से तालमेल बनाए रखने हेतु समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है।

11. सूचना प्रौद्योगिकी:

चिह्नित शाखाओं के लिए केन्द्रीय केवाईसी का क्रियान्वयन किया गया है।

केन्द्रीय केवाईसी रजिस्ट्री वित्तीय क्षेत्र में एकसमान केवाईसी मानदण्डों एवं केवाईसी रिकॉर्ड के आंतरिक उपयोगिता (inter-usability) के साथ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड का केन्द्रीयकृत रिपॉजिटरी है। जब ग्राहक वित्तीय संस्था के साथ नया संबंध बनाता है तो हर समय केवाईसी दस्तावेजों की प्रस्तुति एवं सत्यापन का भार यह कम करता है। उपर्युक्त प्रोजेक्ट दिनांक 21.03.2018 को सफलतापूर्वक आरंभ किया गया है।

पूरे भारत में ईकेवाईसी पंजीकृत डिवाइस(आरडी) सेवाओं का आरंभ किया गया है

यूआईडीएआई (आधार) दिशानिर्देशों के अनुसार, केवल पंजीकृत डिवाइस आधार प्रमाणीकरण/ई-केवाईसी लेन-देनों के लिए प्रयोग की जा सकती है। ग्राहक सूचना इनक्रिप्ट प्रारूप में यूआईडीएआई को भी प्रेषित की जानी चाहिए। वर्तमान में, लगभग 4100 से अधिक शाखाओं को आधार के माध्यम से ग्राहक सत्यापन एवं ग्राहक आईडी सृजित करने हेतु सक्षम किया गया है।

मोबाइल एप्लीकेशन विकास एवं एकीकरण

ए. हमने एनपीसीआई के भीम (BHIM) एप्लीकेशन के साथ समन्वय स्थापित किया है। हमने स्टार टोकन एनजी में प्रीपेड मोबाइल एवं डीटीएच रिचार्ज मोड्यूल एकीकृत किया है।

बी. हमने यूपीआई (भीम बीओआई यूपीआई) एप्लीकेशन लॉन्च किया है। हमने बीबीपीएस (बीओआई बिल पे) एप्लीकेशन लांच किया है।

वेबसाइट संबंधी विकास एवं एकीकरण

ए. हमने अपनी कॉरपोरेट वेबसाइट को पुन: डिजाइन किया है एवं अब हमारी वेबसाइट मोबाइल प्रतिक्रियाशील है।

बी. वियतनाम वेबसाइट का आरंभ।

सी. वेबसाइट में शामिल अन्य एकीकरण (इन्टीग्रेशन)

- ऑन लाइन आवेदन के माध्यम से बिल भुगतान रिफण्ड दावे की सुविधा
- ऑन लाइन एटीएम असफल रिफण्ड दावे की सुविधा
- ऑन लाइन असफल पीओएस रिफण्ड दावे की सुविधा
- प्री-पेड कार्ड शेष पूछताछ हेतु सुविधा

डी. हमने ऑनलाइन लीड जनरेशन को ऑपरेशनल कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (OCRM) मॉड्यूल के साथ एकीकृत किया है।

स्टारडेस्क में मॉड्यूल विकसित करना/स्टार डेस्क में फार्म

ए. सतर्कता पोर्टल
बी. निरीक्षण एवं लेखा-परीक्षा पोर्टल
सी. समवर्ती लेखा परीक्षा फीडबैक फॉर्म
डी. मार्केटिंग स्टाफ डैशबोर्ड
ई. ग्राहक सेवा समिति बैठक

इंटरनेट बैंकिंग में सुधार एवं समन्वय

इंटरनेट बैंकिंग प्रयोगकर्ताओं के लिए ट्रांजैक्शन पासवर्ड ऑनलाइन रिजनरेट करने की सुविधा का आरंभ किया है।

ए. इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से बिल भुगतान (बीबीपीएस) सेवाएं - हमारे पास इंटरनेट बैंकिंग में एकीकृत बीबीपीएस सेवाएं है एवं ग्राहक अब गैस, बिजली, मोबाइल पोस्टपेड, डीटीएच हेतु भुगतान कर सकते हैं। सेवाओं में बिलर जोड़ना, बिल प्राप्त करना एवं भुगतान करना, क्विक पे शामिल है।

बी. मीयादी जमाओं को समयपूर्व बंद करना - हमने रिटेल इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग चैनल के माध्यम से उनके द्वारा खोली गयी मीयादी जमा को समय-पूर्व बंद करने के लिए आवेदन देने हेतु सक्षम बनाया है।

सी. वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) - वस्तु और सेवाकर का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन (परिचालन का माध्यम-इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एवं काउंटर पर फिनैकल के माध्यम से)।

डी. सभी जमाओं (बचत बैंक खातों सहित) हेतु ब्याज सर्टिफिकेट- देशी एवं एनआरई दोनों के लिए। ब्याज सर्टिफिकेट ग्राहक के पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजा जाता है।

ई. इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से 15 G/H के प्रस्तुत करने की सुविधा - ऐसे ग्राहक जिन्हें शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं है उनके लिए यह विशेष सुविधा प्रदान करने हेतु एक कदम है।

एफ. इंटरनेट बैंकिंग में संपर्क विवरण को ऑनलाइन अपडेट करने की सुविधा।

हमारे रिटेल इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए शाखा में जाए बिना ऑनलाइन विवरण अद्यतन करने जैसे पत्राचार पता, ई-मेल आईडी एवं पंजीकृत मोबाइल संख्या की नई सुविधा प्रदान की गयी है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अनुभाग में आईटी संबंधी विकास

ए. सभी 4 आरआरबी में जनसांख्यिकी अधिप्रमाणन संपन्न।

बी. दोनों लोकेशनों (डीसी एवं डीआर) में आईबी सेटअप उपलब्ध है एवं कटओवर भी किया गया था। ग्राहकों के लिए अवलोकन की सुविधा उपलब्ध है।

सी. हाल ही में इंटरनेट के माध्यम से आरआरबी तक एमएमएस की सुविधा का विस्तार किया गया है।

डाटावेयरहाउस ने निम्नलिखित वृद्धियों के साथ प्रका/एनबीजी एवं आंका के लिए उच्च प्रबंधन डैशबोर्ड (ver-2) जारी किया है

उच्च प्रबंधन डैशबोर्ड, एक नज़र में, विशेष उद्देश्य अथवा कारोबार प्रक्रिया (जैसे, शाखा प्रोफाइल, कारोबार मिक्स आदि) से संबद्ध केपीआई (key performance indicators) को देखने की सुविधा प्रदान करता है। यह डाटा की त्वरित जांच के लिए ग्राफिकल रूप में जानकारी प्रदान करता है एवं इसे बैंक नेटवर्क के किसी पीसी पर अथवा इंटरनेट से बीओआई-सेफ के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।

डाटावेयरहाउस की अन्य पहल

ए. एनपीए खातों में प्रावधान

बी. क्षेत्रवार खातों का वर्गीकरण

सी. सीबिल (CIBIL) रिपोर्टिंग

डी. प्रका विभागों/एनबीजी/अंचलों को एमआईएस डाटा/रिपोर्ट प्रदान करना

ई. उच्च प्रबंधन को दैनिक एनपीए रिपोर्ट प्रदान करना।

एफ. सीए-23 रिपोर्ट सृजित करना

जी. जोखिम प्रबंधन विभाग के लिए विभिन्न टाइम बकेट, ब्याज संवेदनशीलता एवं संरचनात्मक चलनिधि में बेमेल आस्ति देयता की जांच करने के लिए रिपोर्ट जनरेट करना।

शाखाओं के नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना

ए. ईथरनेट कार्ड से 1900 शाखा राउटर अपग्रेड किए गए।

बी. शाखाओं में 2700 नये राउटर इन्स्टॉल किए गए।

सी. 1200 शाखाओं को 2 एमपीबीएस बैंडविड्थ के साथ अपग्रेड किया गया।

डी. सभी शाखाएं एवं कार्यालय जल्द ही प्राथमिक 2 एमबीपीएस बीएसएनएल लिंक से अपग्रेड किए जाएंगे। मेसर्स टाटा, सिफी, भारती एवं वोडाफोन द्वारा 2 एमपीबीएस का सेकेण्डरी लिंक अपग्रेड करने हेतु 4063 शाखाओं में कार्य आरंभ कर दिया गया है।

ई. सुरक्षित नेटवर्क : हमारे नेटवर्क को सुरक्षित रखने हेतु नवीनतम, इन्ट्रूज़न प्रिवेनशन सिस्टम (आईपीएस) सफलतापूर्वक इन्स्टॉल किये गये हैं।

12. जोखिम प्रबंधन :

जोखिम तथा नियंत्रण :

बैंक ने एकल और समेकित आधार पर संगत जोखिमों का अनवरत मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु तंत्र स्थापित किए हैं। जोखिम प्रबंधन, बोर्ड द्वारा संचालित कार्य है, जिसमें शीर्ष स्तर पर बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति होती है जिसको विभिन्न जोखिमों जैसे सीआरएमसी (ऋण जोखिम प्रबंधन समिति), एमआरएमसी (बाज़ार जोखिम प्रबंधन समिति) और सीओआरएम (परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति)का प्रबंधन करने के लिए उच्च कार्यपालकों की परिचालन स्तर की समितियों से सहयोग प्राप्त होता है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक द्वारा मुख्य जोखिम अधिकारी (CRO) की नियुक्ति की गई है।

जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया में पहचान, मूल्यांकन, निगरानी और नियंत्रण शामिल है। ये प्रक्रियाएं विभिन्न नीतियों यथा उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालन जोखिम प्रबंधन, बाज़ार जोखिम प्रबंधन, डेरिवेटिव्स (Derivatives), एएलएम, विदेशी विनिमय और डीलिंग रूम परिचालनके अंतर्गत समाविष्ट हैं। सभी गतिविधियों और उत्पादों में संभावित जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी व उसका न्यूनीकरण व्यापक विश्लेषण के माध्यम से किया जाता और इसकी जांच परिचालन स्तर की जोखिम समितियों और कार्यबलों द्वारा की जाती है। चिह्नित जोखिमों के मूल्यांकन/मापन के लिए विवेकपूर्ण सीमाओं वाले यंत्र व प्रणालियां, नये बेसिल अनुपालक क्रेडिट रेटिंग मॉडल, क्रेडिट लेखा-परीक्षा, बाजार जोखिमों हेतु VaR मॉडल, परिचालन जोखिम के लिए प्रमुख जोखिम संकेतकों की निगरानी के साथ-साथ स्वंय मूल्यांकन प्रक्रिया प्रस्तावित की गई है।

01अप्रैल 2013 से प्रभावी आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक ने ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण,बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत मूल्यांकन पद्धति (SMM) और परिचालन जोखिम के लिए आधारभूत संकेतक दृष्टिकोण के आधार पर बेसिल III विनियमन के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता की गणना करना आरंभ कर दी गयी है। बैंक द्वारा विभिन्न जोखिमों, इसकी जोखिम वहन करने की क्षमता की सीमा और जोखिमों व जोखिम वहन क्षमता के संबंध में आतंरिक पूंजी के समुचित स्तर के मूल्यांकन/मापन के लिए वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (ICAAP) संपन्न की जाती है।अत्यंत गंभीर परिस्थितियों में भी बैंक को संभावित प्रभाव के बारे में बेहतर जानकारी उपलब्ध करके जोखिम मूल्यांकन को और बेहतर बनाने के लिए स्ट्रेस परीक्षा प्रक्रिया मौजूद है।

बैंक के बढ़ते हुए कारोबार को देखते हुए आंतरिक नियंत्रकों को सुदृढ़ बनाकर बैंक के ब्रांड, प्रतिष्ठा और आस्तियों की सुरक्षा हेतु साइबर सुरक्षा खतरों से बचना बैंक के सूचना जोखिम प्रबंधन प्रणाली का स्पष्ट उद्देश्य है।

बैंक द्वारा तत्काल (real-time) सूचना सुरक्षा उल्लंघन प्रयासों/घटनाओं/वारदातों की 24x7 निगरानी के लिए विभिन्न सूचना सुरक्षा परियोजनाएं कार्यन्वित की गई हैं। बैंक अपने ग्राहकों और खाता धारकों से संबंधित डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर सतर्क है और इसे साइबर हमले से सुरक्षित करने का अत्यधिक ध्यान रखता है। बैंक ने विपरीत परिस्थितियों में अनवरत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिकूल परिस्थितयों से उभरने की समुतिच क्षमता विकसित की है। बैंक द्वारा डेटा सेंटर में आबद्ध (captive) सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) स्थापित किया गया है। बैंक आईएसओ 27001 (आईएसएमएस) और आईएसओ 22301 प्रमाणपत्र धारक है और PCI – DSS V3-2 प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। अन्य उन्नत सुरक्षा यंत्र जैसे विशेषाधिकार (privilege) यूजर प्रबंधन, डेटाबेस गतिविधि निगरानी, Anti-APT (web) और Anti–DDoS यंत्र कार्यान्वित कर दिये गए हैं। सुरक्षा समाधान जैसे कि Anti-APT(F&cesue) संस्थापित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। सभी संवेदनशील अनुप्रयोगों (Applications) और सेवाओं के लिए नियमित जोखिम व कमजोरी (vulnerability) मूल्यांकन प्रक्रिया समयबद्ध उपचारात्मक गतिविधियों सहित पूरी की जाती है।

13. वैकल्पिक डिलिवरी चैनल :

बैंकिंग उद्योग तेजी से बढ़ने वाला बन गया है। नोटबंदी के बाद कम नकदी वाले समाज की ओर बढ़ने की जरूरत है और इसलिए डिजिटलाइजेशन पर विशेष जोर है। बैंक ऑफ़ इंडिया न केवल विभिन्न डिजिटल उत्पाद जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड भुगतान एवं स्वाइप करने के सभी प्रकार के पीओएस, क्लिक एंड पे, टच एंड पे, इंटरनेट बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग के वितरण में शानदार निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि इन उत्पादों को सक्रिय किया जाए और उपयोग किया जाए। बैंक ऑफ़

इंडिया ने भारत सरकार द्वारा जारी किए गए यूपीआई/भीम, भारत क्यूआर एवं आधार-पे को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। पीओएस का वितरण भी बढ़ा है और वे 16,622 से बढ़कर दिनांक 31/3/2018 को 85,980 हो गए हैं। नोटबंदी से पहले सक्रिय डेबिट कार्ड जहां केवल 35% थे वे बढ़कर 40% हो गए जो डिजिटलाइजेशन की दिशा में हमारी तेज गति को दर्शाता है। हमने सभी कार्डों के लिए बीओआई स्टार लॉयल्टी प्रोग्राम शुरू किया है तथा धनराशि के सहज अंतरण और विभिन्न सेवाओं के भुगतान हेतु "चिल्लर" मोबाइल एप शुरू किया। हमने अपने पीओएस की उपयोगिता बढ़ाने हेतु गतिशील मुद्रा परिवर्तन के लिए कोब्रांडेड प्रीपेड कार्ड शुरू किए हैं और पूरे भारत में 2594 डिजिटल गाँव बनाने हेतु पहल की है।

14. संव्यवहार बैंकिंग :

डिजिटल बैंकिंग के जरिए ग्राहकों, विशेष रूप से लार्ज कॉरपोरेट, सरकारी संगठन और उच्च निवल मालियत वाले व्यक्तियों के "नकदी प्रवाह" का प्रबंधन करके बैंक के लिए थोक आय और फ्लोट सृजित करने के लिए बैंक ने एक अलग संव्यवहार बैंकिंग विभाग स्थापित किया है। स्टार नकदी प्रबंधन सेवा (सीएमएस) हब में चेक वसूली, पीडीसी वसूली और प्रत्यक्ष ऋण अधिदेश, अन्य सेवाएं जैसे नकदी प्रबंधन सेवाएं (घर-घर बैंकिंग), ऑनलाइन शेयर व्यापार – (3 in 1 A/cs, ASBA, SYND-ASBA), पेमेंट गेटवेज, एनपीसीआई प्लैटफॉर्म पर NACH क्रियाकलाप और स्टार चैनल वित्त का परिचालन शामिल है। वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान विभाग ने रु.49.40 करोड़ की आय सृजित की है।

15. थर्ड पार्टी उत्पाद प्रभाग :

जीवन बीमा :

बैंक ने जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए बैंक की संयुक्त उद्यम जीवन बीमा कंपनी, स्टार यूनियन दाई-इचि जीवन बीमा कं.लि. के साथ अपना कॉरपोरेट एजेंसी समझौता जारी रखा है। बैंक के पास शाखाओं में 7400 से अधिक आईआरडीएआई अर्हता प्राप्त विशेषज्ञ कर्मचारी उपलब्ध हैं। बैंक, ग्रुप इंश्योरेंस पॉलिसी के अंतर्गत अपने रिटेल, आवास और शिक्षा ऋण उधारकर्ताओं को कम प्रीमियम पर वैकल्पिक जीवन बीमा सुरक्षा प्रस्तावित करता है। बैंक ने रु. 886 करोड़ का प्रीमियम संग्रहीत किया, इस प्रकार रु. 75.79 करोड़ की कमीशन आय अर्जित की।

साधारण बीमा :

साधारण बीमा उत्पादों के लिए बैंक का नेशनल इन्शोरेंस कं.लि. (एनआईसीएल), रिलायंस जनरल इन्शोरेंस कं.लि. एवं द न्यू इंडिया एशुरेंस कं.लि. के साथ भी कॉरपोरेट एजेंसी समझौता है। बैंक का को-ब्रांडेड स्वास्थ्य बीमा उत्पाद - बीओआई नेशनल स्वास्थ्य बीमा, एक फैमिली फ्लोटर स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा है जो कम प्रीमियम पर बैंक ऑफ़ इंडिया के खाता धारकों के लिए उपलब्ध है। बैंक द्वारा सामान्य बीमा कारोबार से रु. 28.15 करोड़ का कमीशन अर्जित किया गया।

एकल (स्टैंडअलोन) स्वास्थ्य बीमा:

बैंक ने स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा श्रेणी के तहत स्टार हेल्थ एंड एलाइड इन्शोरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ समझौता किया है। इस प्रकार बैंक ने प्रीमियम के तहत रु 17 करोड़ जुटाए तथा आय के तहत रु. 2.48 करोड़ अर्जित किए।

म्यूचुअल फंड उत्पाद:

बैंक हमारे ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों के लिए हमारी अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी BOI-AXA म्यूचुअल फंड के साथ-साथ 10 आस्ति प्रबंधन कंपनियों के विभिन्न म्यूचुअल फंड उत्पादों के वितरण के लिए लगातार एक बिक्री केन्द्र का कार्य कर रहा है। बैंक ने वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान म्यूचुअल फंड कारोबार से रु. 9.28 करोड़ का कमीशन अर्जित किया है।

16. विपणन एवं प्रचार विभाग :

बैंक के छवि निर्माण की साथ-साथ उत्पादों एवं सेवाओं की दृश्यता को बढ़ाने के लिए बैंक का प्रचार एवं जन-संपर्क विभाग मल्टी मीडिया कॉरपोरेट अभियान का कार्यान्वयन करता है। विभिन्न मीडिया संबंधी योजना के माध्यम से देशभर में बैंक के विविध उत्पादों का प्रचार-प्रसार, बैंक की थीम लाइन "रिश्तों की जमापूँजी" के साथ किया जाता है। रेडियो चैनलों और टेलीविजन प्लेटफॉर्म से बैंक के उत्पादों का प्रचार-प्रसार जोरदार ढंग से किया गया है। प्रिंट मीडिया में बड़े राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों और विभिन्न प्रमुख पत्रिकाओं तथा OOH गतिविधियों यथा होर्डिंग/बिल बोर्ड/गैट्रीज के जरिए बैंक के उत्पादों का प्रचार किया जाता है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक को ABCI वार्षिक अवॉर्ड समारोह में "बेस्ट कॉरपोरेट फिल्म श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

17. कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास :

बीपीआर विभाग बैंक में मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं के साथ-साथ चेंज मैनेजमेंट के अन्य पहलुओं जिसमें संगठनात्मक संरचना, उत्पाद एवं नीतियाँ शामिल है में सुधार लाने के लिए कार्य करता है। 2017-18 के दौरान ग्राहक केन्द्रित मुख्य पहल की गयी :-

1. **"प्रोजेक्ट - कनेक्ट" के तहत - क्षेत्र प्रबंधक के नाम से एक नये क्लस्टर का आरंभ :**

   निकटवर्ती शाखाओं (स्केल III तक) के समूह बनाकर, देश भर में 112 क्लस्टर बनाए गए हैं, जिनका नेतृत्व स्केल IV/V के अधिकारी करेंगे और पांच पांडव (5 अधिकारियों की टीम) उनकी सहायता करेंगे। क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय (AMO) निरंतर क्लस्टर की शाखाओं के संपर्क में रहेंगे और सक्रिय फील्ड सहायता, मार्गदर्शन एवं निर्णय/निपटान द्वारा समूह की प्रत्येक शाखा में कारोबार एवं नियंत्रण संबंधी सभी मुद्दों का समाधान करेंगे।

2. **स्टार प्राइम सेट-अप बनाना/प्राइम क्लायंट केयर हेतु वर्टिकल :**

   बैंक में घरेलू कारोबार का 48% कारोबार स्केल IV एवं V शाखाओं द्वारा जनरेट होता है। अपने प्रमुख ग्राहकों का उचित ध्यान रखने और समय से कारोबार वृद्धि मुहिम और उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करने के क्रम में, स्टार प्राइम वर्टिकल बनाया गया है जिसमें महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय, चयनित एनबीजी में 6 सीआरई एवं आंचलिक कार्यालय में कई आरएसएम होंगे।

3. डिजी (DIGI) शाखाएं :

अतिविशिष्ट ग्राहक अनुभव, खुदरा कारोबार में वृद्धि, एवं डिजिटल बैंकिंग के विस्तार हेतु 112 डिजी शाखाओं (पूर्व बीओटीएफ प्रोजेक्ट को पुनर्निर्मित करके) का आरंभ किया गया है।

4. आरईआरए प्लस खाता (सीडी उत्पाद) :

रेरा (RERA) प्लस खाता अर्थात् रेरा (RERA) अनुपालन निलंब खाता एवं बिल्डर्स् एवं डेवलपर्स के लिए चालू नियमित सीडी खाता का सम्मिश्रण; का आरंभ किया गया।

5. शाखाओं का वर्गीकरण :

सही स्टाफ एवं ग्राहक सेवा प्रस्तुति की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए संशोधित मानदण्डों के तहत शाखाओं का पुन: वर्गीकरण किया गया है।

6. स्टार परामर्श - स्टाफ परामर्श योजना :

सम्मेलन, कॉनक्लेव एवं प्रशिक्षण केन्द्रों सहित सभी फोरम पर स्टाफ द्वारा दिए गए सभी विचारों एवं सुझावों को शामिल करने के लिए योजना में विस्तार किया गया है। चयन किए गए सुझावों की निगरानी एवं शीघ्र कार्यान्वयन के लिए 6 महाप्रबंधकों की कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। वर्ष के दौरान 1638 सुझाव प्राप्त हुए जिसमें से 178 सुझावों का कार्यान्वयन के लिए चयन किया गया एवं 18 को पुरस्कृत किया गया।

18. निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा :

बैंक के पास जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, जोखिम आधारित प्रबंधन लेखापरीक्षा (घरेलू), समवर्ती लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा तथा विदेशी शाखाओं की लेखापरीक्षा पर बोर्ड अनुमोदित नीति है। इन नीतियों को, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन करने तथा आरबीआई एएफआई रिपोर्ट में उल्लिखित क्षेत्रों को कवर करने तथा साथ ही बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के निर्देशों के अनुसार समीक्षित/संशोधित किया गया। 2017-18 के दौरान, विभाग ने 5082 शाखाओं की लेखापरीक्षा आयोजित की। समवर्ती लेखापरीक्षा में एफसीए द्वारा 750 शाखाओं, ट्रेजरी शाखा, डाटा सेंटर तथा प्रधान कार्यालय के विभागों को कवर किया जाता है तथा बैंक के आंतरिक अधिकारियों द्वारा सभी विदेशी शाखाओं को कवर किया गया है। समवर्ती लेखापरीक्षकों द्वारा वैश्विक जमा के 60% से अधिक और वैश्विक अग्रिम के 80% से अधिक को कवर किया गया।

बैंक ने निम्नलिखित क्षेत्रों में अपनी अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु समय-समय पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं:

- "उच्च जोखिम तथा अधिक" रेटिंग वाली शाखाओं में विवेकाधीन लेखापरीक्षा आयोजित की गई।
- लेखापरीक्षाधीन शाखाओं में निवारक सतर्कता उपायों के प्रभाव का मूल्यांकन।
- निर्यात संव्यवहारों/आयात अग्रिम विप्रेषणों से संबंधित संव्यवहारों की जांच/सत्यापन के लिए चयनित प्राधिकृत डीलर शाखाओं की विशेष लेखापरीक्षा।
- बैंक के आंतरिक सूचना सिस्टम लेखापरीक्षकों द्वारा डाटा सेंटर तथा आपदा रिकवरी साइट की आईएस लेखापरीक्षा।
